## खबर संक्षेप

### राशन लेने वाले हितग्राही 31 मार्च तक ई-केवाईसी

**कटनी।** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एन.एफ..एस.ए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई- केवाईसी नही हुई है वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 31 मार्च 2025 के पूर्व ई- केवाईसी अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### अवकाश के दिनों में भी खुलेगा आरटीओ ऑफिस

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के दौरान वाहनमालिकों की सुविधा एवं बकाया राजस्व वसूली को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि 29, 30 व 31 मार्च को शासकीय अवकाश के बावजूद अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय खुला रहेगा, इस दौरान वाहनधारक विभागीय टेक्स इत्यादि जमा करा सकते हैं।

### विक्रमोत्सव पर ऑडिटोरियम में कल होगा कार्यक्रम

**कटनी।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से चैत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर नगर निगम आडिटोरियम बस स्टेंड के पास विक्रमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी तथा डॉ सुनील बाजपेयी प्राचार्य तिलक कॉलेज और पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम में रविवार 30 मार्च को पूर्वान्ह में सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित करनें तथा सम्राट विक्रमादित्य विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

### स्वच्छ एमपी रील्स प्रतियोगिता में 2 लाख जीतने का मौका

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 के अंतर्गत मध्यप्रदेश में कचरा प्रबंधन से संबंधित प्रमुख चुनौतियों को हल करने के प्रयासों में युवाओं, रचनाकर्मियों, विद्यार्थियों आदि को रचनात्मक रील्स के माध्यम से संलग्न करने के लिए एक राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता की थीम है ''कचरा नहीं, यह कंचन है इसे अलग-अलग करें और पैसा कमाएं।'' इसके 3 मुख्य विषय है ''गीला सूखा कचरा अलग-अलग करे एवं उचित निपटान'', ''कचरे का दोबारा उपयोग'' एवं ''खुले में कचरा नहीं फेकना।'' इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्राम का उचित अपशिष्ट प्रबंधन पर रील बनाकर डलळवअ पोर्टल पर अपलोड करना है। सभी योग्य प्रविष्टियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। साथ ही प्रतियोगता में प्रथम पुरस्कार जीतने वाले विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 1 लाख रूपये एवं तृतीय पुरस्कार विजेता को 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा।

### निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के दिए सख्त निर्देश, गठित वसूली दल की हुई समीक्षा

# सख्त एक्शनः बकाया टैक्स जमा नहीं करने वालों की संपत्ति कुर्क करने जारी किया वारंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम अधिनियम की धारा 175 के तहत बड़े बकायादारों द्वारा कर नहीं चुकाने पर 6 कुर्की वारंट जारी किए हैं। मप्र नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 174 के तहत गनेश मिनरल निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,77,400, जगन्नाथ पुत्र काशीप्रसाद निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 3,18,501/-, जिला उद्योग केंद्र प्रो संजय बजाज निवासी नेहरू वार्ड बकाया राशि 3,37,884/-,अंसारी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 6,02,736 ,मे.विवेक सेल्स कॉरपोरेशन प्रो विवेक सरावगी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 1,86,809, एवं डिलाइट टेंट इंडस्ट्रीज़ मनजीत सिंह निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,52,624/- को तामील सूचना में मांग की गई किंतु बकायादारों द्वारा बकाया राशि सूचना तामील किये जाने के 15 दिन के अंदर नहीं चुकाई गई है, जिसकी



वजह से निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वार उपरोक्त सभी बकाएदारों के विरुद्ध संपत्ति कुर्की वारंट जारी कर उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को वारंट प्राधिकृत अधिकारी बनाया जाकर 31 मार्च 2025 तक सभी संबंधितो की संपत्ति कुर्की करने हेतु अधिकृत किया गया है। साथ ही कहा है कि जब तक उपरोक्त बकायदार यह सिद्ध न कर दे कि उन्होंने उक्त राशि नगर निगम को चुका दी है, वसूली के समस्त खर्चों सहित उक्त धारकों की चल सम्पत्ति का अभिहरण तथा विकय द्वारा अथवा उसकी अचल सम्पत्ति की कुर्की या विकय द्वारा वसूल करने के निर्देश दिए हैं।

#### दरवाजा, खिड़की तोड़कर प्रवेश

अधिनियम की धारा 177 के उपबंधो के अधीन रहते हुए वारंट में निर्दिष्ट अभिहरण करने की दृष्टि से सूर्योदय तथा सूर्यास्त के बीच किसी भी समय भवन के बाहरी या भीतरी दरवाजे या खिडकी को तोडकर प्रवेश करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

#### 3 दिन में 1 करोड़ की वसूली का लक्ष्य

आयुक्त ने शुक्रवार को वसूली हेतु गठित दल की समीक्षा की।जिसमें सभी सहा राजस्व निरीक्षकों से अब तक की गई वसूली की जानकारी लेते हुए संतोषजनक वसूली ना होने पर आयुक्त ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए सभी को सख़्त हिदायत देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति हेतु अब केवल 3 दिन शेष है सभी को पूर्व में भी निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निर्देश दिए जा चुके है,किंतु अभी भी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 1 करोड़ से अधिक की वसूली किया जाना है।सभी के पास अंतिम मौक़ा शेष है ,बड़े बकायादारों से निरंतर संपर्क करते हुए नोटिस तामीली, दुकानों की तालाबंदी एवं वारंट जैसे सख्त कार्यवाही करते हुए वसूली किया जाना सुनिश्चित करें। इसके विपरीत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न होने एवं न्यूनतम परफॉरमेंस देने वाले कर्मचारी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि करदाता कर दें,अन्यथा दुकान बंद रखें।

# ढीमरखेड़ा में अग्निशमन वाहन और दल की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गर्मी के दिनों में आगजनी की घटना हर साल सामने आती है।जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत 73 ग्राम पंचायत है। साथ इन पंचायतों के अंतर्गत अन्य आश्रित गांव भी आते हैं। इसके बाद भी तहसील मुख्यालय पर आग बुझाने के लिए कोई संसाधन नहीं है।बीते गुरुवार तहसील क्षेत्र के झारापानी गांव में आग लगने से किसान बसंत यादव और विजय यादव की तीन एकड़ में खड़ी गेहूं जलकर खाक हो गई।ढीमरखेड़ा में अग्निशमन वाहन और दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने समाजसेवी संतोष दुबे ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र में आगजनी की की घटनाएं अधिक बढ़ती है। शहर से गांव तक अग्निशमन वाहन को पहुँचने में देरी लगती है, ऐसी स्थिति में खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो जाती है और किसानों को नुकसान होता है। तहसील मुख्यालय में अग्निशमन वाहन होगा तो गांव में वाहन समय पर उपलब्ध होगा और आगजनी की घटनाओं से त्वरित निपटा जा सकते है।

### सम्पत्ति कर जल प्रभार के अधिभार में छूट के तीन दिवस शेष

**कटनी।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024.25 की अवधि में सम्पत्ति करए जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जाएगी। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से अपील है कि वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालयए सुभाष चौक स्थित शिविर स्थल एवं माधवनगर उप कार्यालय से संपर्क कर बकाया संपत्ति कर और जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा कर नगर विकास में सहभागी बनें। साथ कटनी शहर के सम्माननीय नागरिकगण एक बात का विशेष ख्याल रखें टैक्स जमा करने के उपरांत जमा राशि की रसीद जरूर प्राप्त करें ।

### ईद उल फितर पर्व को लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

# पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मार्च या 1 अप्रैल को (चंद दिखने के अनुसार) ईद-उल-फितर का त्यौहार कटनी जिले अंतर्गत सभी प्रमुख स्थानों में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है।

सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी को बनाया गया है। एवं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेड़ा को अपने अनुभाग एवं तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कार्यापालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

#### इनकी लगाई ड्यूटी

अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा जारी आदेश में बीके मिश्रा तहसीलदार कटनी (शहरी) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी नगीना मस्जिद, मिशन चौक, शहर जामा मस्जिद, ईश्वरीपुरा वार्ड, नूरी (छोटी) मस्जिद एवं आजाद चौक में, राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपलिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी की ड्यूटी ईदगाह, आर्दश कॉलोनी, वक्फ मस्जिद, अल्फर्टगंज, सुभाष चौक, इस्हाकिया मस्जिद, अहमद नगर कटनी में, अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी अबू जर गफफारी मस्जिद, झर्राटिकुरिया, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद, बरगवां, गौसिया मस्जिद, बरगवां कटनी में लगाई गई है।

इसी प्रकार रामटेके हर्षवर्धन ए.एस.एल.ओर. भू-अभिलेख कार्यालय कटनी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मस्जिद, मंगल नगर, वक्फ मस्जिद, ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी, जामा मस्जिद रजा नगर, एन. के. जे. कटनी, नूरूल बशर मस्जिद, एन. के. जे. बजरिया कटनी में, नेहा जैन नायब तहसीलदार नजूल कटनी कार्यपालन दण्डाधिकारी की ड्यूटी मदीना मस्जिद, रोशन गनर कटनी, खिरहनी मस्जिद, बिरहनी रेल्वे फाटक के पास ड्यूटी लगाई गयी है।

जबकि आकाश दीप नामदेव अतिरिक्त तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मुख्य रेल्वे स्टेशन कटनी एवं अमीरगंज मस्जिद कटनी में अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाडी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी हुसैनी मस्जिद, लमतरा कटनी एवं गौरव पाण्डेय तहसीलदार कटनी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी पीरबाबा मस्जिद में लगाई गयी है।

### भीषण गर्मियों में पशुओं के लिए पानी टंकी का वितरण



गर्मी के मौसम में पक्षी से लेकर जानवरों को पानी के लिए परेशानी न हो इसलिए कटनी ब्लड डोनर एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पानी के पात्रों वितरण किया गया। कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी हमेशा ही समाज के बीच चर्चा का विषय बनी रहती है। संस्था के द्वारा जहां मानव सेवा के लिए विभिन्न कार्य किए जाते हैं वहीं समय–समय पर संस्था के पदाधिकारी मूक पशुओं के प्रति भी अपनी संवेदनाओं का परिचय देते हुए उनके हित में कार्य करते दिखते हैं। कुछ इसी तरह कार्य हर वर्ष की तरह संस्था के द्वारा किए गए। कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी 28 मार्च शुक्रवार को गर्मी में मूक पशुओ के लिए नि :शुल्क सीमेंट की पानी टंकी का वितरण किया गया।

### समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की वर्चुअली मीटिंग हुई आयोजित

# 1 अप्रैल को मनाया जाएगा स्कूलों में प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल चलें हम अभियान 2025 के लिए राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार शुक्रवार को समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों एवं समस्त प्राचार्यों की आनलाइन वर्चुअली मीटिंग का आयोजन किया गया । इस दौरान 1 अप्रैल 2025 को प्रवेश उत्सव मनाने, 2 अप्रैल को भविष्य भेंट एवं 3 अप्रैल को हार के आगे जीत के लिए असफल विद्यार्थियों को शाला में प्रवेश के लिए अभियान हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया की प्रवेश उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए। वह विद्यार्थियों के लिए शासन की



योजनाओं आदि की जानकारी भी प्रदान की जाए ।विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी उन्हें अवगत कराया जाए एवं प्रवेश हेतु न्यूनतम औपचारिकताएं की जाएं ।बताया गया कि 4 अप्रैल को पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया जाए ।

मीटिंग नवीन एजुकेशन पोर्टल 3.0 में किस प्रकार कार्य किया जाना है की विस्तृत जानकारी प्रकाश मिश्रा आईटी कोऑर्डिनेटर द्वारा पी पी टी के माध्यम से ऑनलाइन लाइव डिमोस्ट्रेशन कर समझाई गई।

मीटिंग में जिलाशिक्षा अधिकारी पीपी सिंह,सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, अभय जैन एडीपीसी द्वारा भी जानकारी प्रदान की गई।

### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का हुआ भ्रमण आयोजन

# छात्राओं ने भौगोलिक केन्द्र बिन्दु का भ्रमण कर ऐतिहासिक महत्व को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए भूगोल विभाग द्वारा एक भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन और भूगोल विभाग के अध्यक्ष के.जे. सिन्हा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्ववित्तीय अतिथि विद्वान प्रेमलाल कांवरे ने भी छात्राओं को भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया। भ्रमण दल में डॉ. के.जी. सिंह, श्रीमती देववती चक्रवती, मनीषा दाहिया सहित 26 छात्राएं शामिल रहीं। यह भ्रमण भारतीय भू-भाग के भौगोलिक केंद्र बिंदु पर केंद्रित था, जो कटनी जिले के करौंदी के निकट मनोहर




गांव में स्थित है। इस केंद्र बिंदु की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1987 में की गई थी और यह वह स्थान है जहां से भारत की उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम की सीमाएं समान दूरी पर मानी जाती हैं।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने इस महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थल का अवलोकन किया और इसके ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्व को समझा। इसके पश्चात भ्रमण दल महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, करौंदी पहुंचा। वहां छात्राओं ने विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों को देखा। इस दौरान उन्होंने वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से संवाद किया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाओं ने छात्राओं को प्रभावित किया। भ्रमण की श्रृंखला में अगला पड़ाव बहोरीबंद के निकट स्थित रूपनाथ मंदिर था।

यहां छात्राओं ने मंदिर के दर्शन किए और 2257 वर्ष पुराने शिलालेख का अवलोकन किया। यह शिलालेख पाली भाषा में अंकित है और प्राचीन भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण साक्ष्य है। शिलालेख को देखकर छात्राओं ने उस समय की लेखन कला और भाषा के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### जिले में कल से शुरू होगा जलगंगा संवर्धन अभियान

# जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिये एकजुटता से होंगें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बर्षा जल की बूंदों को सहेजने का जलगंगा संवर्धन महाभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान को सभी की समन्वित भागीदारी से क्रियान्वित किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं व उद्योगपतियों की मौजूदगी में



आयोजित बैठक में दी गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, वनमंडलाधिकारी श्री गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहें। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बैठक में भावी पीढ़ी के लिये जल स्त्रोतों का संरक्षण व संवर्धन कर पानी को सहेजने के जतन में सम्मिलित सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर किया। इस वर्ष संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम जनसहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन है।

बैठक में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ऋषि चढ़ार द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों के साथ-साथ बीते साल में हुये उल्लेखनीय कार्यों का पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीवंत प्रदर्शन किया।

बैठक में पहुंचे सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल अमल के लिये कुंओं एवं बोरवेल को रिचार्ज करने तालाब की साफ-सफाई करने जैसे कई अहम सुझाव दिये। इस मौके पर मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने पानी को रोकने व सहेजने का अभियान शुरू करने के लिये मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूचे जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और मार्गदर्शन लिया जाये और जनपद पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विमर्श व सलाह लिया जाये।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा 30 मार्च को उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरूण देवता का पूजन और जलाभिषेक के साथ शुरू होने वाले राज्यव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के सीधे प्रसारण और मुख्यमंत्री के संबोधन को देखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि अभियान के दौरान ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा। साथ ही पुराने तालाबों, चेक डैम, तथा स्टाफ डैम की मरम्मत व जीर्णोद्धार और मानसून अवधि के दौरान अविरल निर्मल नर्मदा योजना के तहत पौधारोपण जैसे कार्यों को क्रियान्वित किये जाने की जानकारी दी।

# संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल एवं मेला 29 एवं 30 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला 2025 का आयोजन जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय प्रांगण आधारताल, जबलपुर में 29 एवं 30 मार्च को किया जायेगा। इस मेले में किसानों को लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार, विपणन, प्रसंस्करण एवं आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने, नवीनतम कृषि तकनीकी, जैविक खेती और आधुनिक कृषि यंत्रों संबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी।

संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन, प्रातरू 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्टॉल और प्रदर्शनी का शुभारंभ, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक कृषि विषयों पर वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों से परिचर्चा, अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक लाउज में बी2बी और एफ2बी की बैठक व किसान कार्यशाला, वैज्ञानिक परिचर्चा, सायं 5 बजे से सायं 6.30 बजे तक फील्ड विजिट और सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

30 मार्च को प्रातः 8 बजे से प्रातरू 10 बजे तक फील्ड विजिट, प्रातरू 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक कृषि विषयों पर वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों से परिचर्चा, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक बी2बी और एफ2बी सत्र, अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक किसान कार्यशाला और इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। जिले के क्रियाशील एफ.पी.ओ. को अपने एफ.पी.ओ. से संबंधित कृषकों की अधिक से अधिक उपस्थिति करानें हेतु निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप



### अपील प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने लोक सूचना अधिकार अन्तर्गत प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को लोक सूचना अधिकार अन्तर्गत सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया,साथ ही सभी प्रकरणों की जानकारी की सूची तैयार कर सभी शाखा प्रभारियों को दिए जाने के भी निर्देश दिये हैं,श्री दुबे ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि लोक सूचना अधिकार अधिनियम अन्तर्गत आवेदक को जो जानकारी दी जा सकती है वो समय सीमा में दें एवं जो नहीं दी जा सकती उनके संबंध में भी आवेदक को अवगत करायें,अनावश्यक कोई भी प्रकरण लंबित ना रखें। बैठक के दौरान उपायुक्त पी.के अहिरवार,प्र. लोक सूचना अधिकारी संजय सोनी, बालमुकुन्द बहरे एवं लिपिकों की उपस्थिति रही।

### थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**कटनी।** कुठला थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र के द्वारा शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों ही धर्म के गणमान्य जनों को आमंत्रित कर उन्हें पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए कहा गया।

### साधूराम स्कूल से हजारों की सामग्री ले गए चोर

**कटनी।** कोतवाली थाना से चंद कदम की दूसरी पर स्थित साधूराम स्कूल में चोरो ने अपनी करतूत दिखाते हुए सामग्री पार कर दी। अज्ञात बदमाशों ने स्कूल से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। वारदात का पता दूसरे दिन उस समय लगा जब स्टाफ स्कूल पहुंचा। चोरी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक साधूराम स्कूल में विगत 24 मार्च को अज्ञात चोरों ने स्कूल के अंदर प्रवेश किया और स्कूल के अंदर से कम्प्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू एवं प्रोजेक्टर का सेटप पार कर दिया। जिसकी कीमत करीब 45 हजार रूपए आंकी गई है। शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 303(2) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया है और पतासाजी शुरू कर दी है।

### हिंदू नव वर्ष पर त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन

**कटनी।** हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर विहिप बजरंग दल 31 मार्च को शौर्य संचलन सहित विशाल त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन किया है समस्त हिंदू समाज का आवाहन किया है। इस पूरे आयोजन को लेकर जिले में एक बैठक का आयोजन पूर्व किया गया है बैठक में त्रिशूल दीक्षा समारोह को लेकर रूप रेखा बनाई गई साथ ही पूरे कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई जिला मंत्री राहुल दुबे ने बताया कि 31 मार्च को समूचे जिले का एक विशालतम कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है ये कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि के अवसर पर किया जा रहा है त्रिशूल दीक्षा समारोह जिले में पहली बार किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में जिले से कार्यकर्ता एकत्रित होगे साथ ही संपूर्ण हिंदू समाज को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है कार्यक्रम में सर्व प्रथम नगर के मुख्य मार्गो में शौर्य संचलन यात्रा संपन्न होगी इसके बाद बस स्टैंड में बने ऑडिटोरियम में त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न होगा साथ संचलन बस स्टेंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए साधुराम में समाप्त होगी।

---

### मार्च के महीने में ही मई जून जैसी पड़ने लगी गर्मी, शीतल पेयों की बढ़ी मांग

# भीषण गर्मी का अहसास, गर्म हवाएं झुलसाने लगी, मरीजों की बढ़ी तादाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मार्च के महीने में ही भीषण गर्मी का अहसास होने लगा है। दोपर होते होते गर्म हवाएं झुलसाने लगती है। चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर अपने जरुरी काम निबटाने निकले लोग धूप में बेहाल होने लगे हैं। गर्मी से लोगों में बेचैनी भी बढ़ने लगी है। मौसम के मिजाज का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही तेज हवा चलने से लू का प्रकोप दिखाई देता नजर आ रहा है। तेज धूप के कारण इन दिनों दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज पड़ रही है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग टोपी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।




#### बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए दी गई आवश्यक सलाह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठ्या द्वारा जिले के आमजन को अवगत कराया गया है कि माह मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी व उपाय बरतें। गर्मी के मौसम में प्रायः हीट रैशेस, डीहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक की स्थिति निर्मित हो सकती है। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी में घर से बाहर निकलते समय सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें, ढीले सूती कपडे.पहनें। इसके साथ ही हमेशा पानी तथा तरल पेय पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करें।

#### बच्चों व वृद्धजनों को धूप से बचाये

बाहर जाते समय अपने साथ हमेशा पानी रखें, गर्मी के मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बच्चों को अत्यधिक गर्मी महसूस होने पर घर के अंदर आने की सीख दें। बुजुर्ग व्यक्ति धूप में बाहर न निकलें। इन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिये प्रेरित करें।

#### इन उपायों को अपनाएं

सीएमएचओ श्री अठ्या ने जारी सलाह में बताया कि गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। अत्यधिक गर्मी होने पर ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो, तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। लू लगने पर तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, गर्म लाल सूखी त्वचा, शरीर का तापमान अधिक होना, उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना जैसे लक्षण प्रतीत होते हैं। लू से प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तौर पर तुरंत छायादार जगह पर लिटाकर हवा करें, ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शरबत आदि देना चाहिए। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराना चाहिये। लू, तापघात एवं अन्य मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त प्रकार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

---



## श्रमदान कर नदी में किया गया बोरी बंधान का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के सेक्टर स्तरीय चयनित आदर्श ग्राम बिछिया में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कटंगी कला एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिछिया के समन्वय एवं ग्राम वासियों के सहयोग से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय नदी में श्रमदान के द्वारा 80 बोरियों का बोरी बंधान किया गया,।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण कटनी जिले में जल संरक्षण का यह अभियान नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जल संरक्षण को आमजन के व्यवहार में लाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का संचालन भी किया जा रहा है जिसमें दीवार लेखन, रैली, चौपाल, संगोष्ठी, सहित जल स्त्रोतों की साफ सफाई और गहरीकरण कार्य संपन्न किया जा रहे हैं।

ग्राम बिछिया में ग्राम वासियों के सहयोग से किए गए बोरी बंधान के माध्यम से गर्मी के समय में पशु पक्षियों को पेयजल की उपलब्धता होगी, और स्थानीय किसानों की खेती संबंधी आवश्यकता की पूर्ति भी हो सकेगी।

---

*मार्च महीने में तीन बार हो चुकी लाखों रूपए की ठगी*

## सोने की मोहरों का लालच देकर लोगों के साथ की जा रही ठगी की वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पारधी समुदाय के लोगों द्वारा सोने की मोहरों का लालच देकर लोगों के साथ ठगी की घटनाएं नहीं थम रही हैं। एक माह में तीन ऐसी घटनाएं हो चुकी है जब सोने की मोहरो का लालच देकर लोगों से लाखों रूपए ऐंठ लिये गए। कुठला थाना क्षेत्र में पारधियों ने एक बार फिर मुरैना के एक व्यापारी को सोने की मोहर देने के नाम पर ठग लिया गया। धोखाधड़ी के शिकार व्यापारी ने कुठला थाना में शिकायत दर्ज कराई हैं। एक के बाद एक हो रही ठगी की घटनाओं के बाद भी पुलिस गंभीर नहीं है जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी राय सिंह राठौर पिता जगजीत सिंह निवासी महाकुंभ में कारोबार करने गए थे। यहां उनका परिचय पारधियों से हुआ था। पारधियों ने उन्हें सोने की मोहर होने का लालच दिया। पिछले माह राय सिंह कटनी आए और दो मोहर ले गए। ये मोहर असली थी। फिर 25 मार्च को अधिक संख्या में मोहर लेने के लिए कटनी पहुंचे। पुलिस को दी शिकायत में रायसिंह ने बताया नंदकुवर पारधी से वे बस स्टैंड में मिले। इसके बाद वह उन्हें लेकर ट्रांसपोर्ट नगर बाइपास के पास जंगल में लेकर गया। यहां कहां कि रुपए दे दो मैं मोहर लेकर आता हूं। मैने 1.55 लाख रुपए दिए और नंदकुवर अपने साथियों के साथ मोहर लेने चला गया। इसके बाद वह नहीं लौटा। पीड़ित राय सिंह दूसरे दिन तक पाराधियों को फोन करते रहे लेकिन वे नहीं है। इसके बाद पीड़ित ने एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी नंदकुवर पारधी, लल्लू उर्फ शहनशाह पारधी व नंदकुंवर की पत्नी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। पारधियों द्वारा महाकुंभ के दौरान वहां व्यापार कर रहे लोगों को सोने की मोहर देने का लालच देकर कटनी बुलाया गया और धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

#### ये लोग हो चुके हैं शिकार

8 मार्च को सोने की मोहरो के लालच में फंसकर हरी बाबू पिता जादन सिंह 53 निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान, रविंद्र सिंह पिता फूल फूल सिंह 63 निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान दोनों कटनी पहुंचे थे। पारधियों ने यहां द्वारा बाइपास में नकद रुपए छीन लिए और मारपीट कर भाग निकले।

इसी महीने 17 मार्च को कुठला थाना क्षेत्र में रीवा जिले के गुढ़ निवासी हिंमाशु चतुर्वेदी और विजय तिवारी को ठगी का शिकार बनाया गया। इंद्रानगर बायपास के समीप पन्ना रोड में जंगल में मिलकर 5 लाख रुपए आधा पाव सोना दिया। वापस सोना लेकर रीवा रवाना हो गए। रीवा में फिर चेक कराया तो नकली निकला।

---

### नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, पिपरौंध में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ तैयार किया जाकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा कृषकों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रथ रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर कृषकों को नरवाई जलानें से होनें वाले नुकसानों की जानकारी देगा। जागरूकता रथ के माध्यम से नरवाई प्रबंधन के तरीकों सहित इससे होनें वाले फायदों की जानकारी भी कृषकों को दी जायेगी। इस अवसर पर एस.डी.एम. प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार अजीत तिवारी, कृषि अभियांत्रिकी विभाग की जिला अधिकारी सुश्री कृति पाण्डेय, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

---

## भीषण गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराने पेड़ों में लटकाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग जिला संगठक डीआर आरपी सिंह के नेतृत्व में महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह पक्षियों के लिए स्कोर पानी दाना के साथ पेड़ों पर टांगे गए।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव जी ने कहा कि यदि हम लोग जागरुक नहीं होंगे तो आने वाले समय में पक्षियों की संख्या दिन प्रतिदिन घाट करके विलुप्त हो जाएगी जो अत्यंत दुखद है उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम उनके लिए दाने पानी की उचित व्यवस्था करें



जिससे उनका जीवन सुरक्षित रह सके इस अवसर पर डॉ माधुरी गर्ग ने भी छात्रों से स्वयंसेवकों से अनुरोध किया है कि आप अपने घर में भी पक्षियों के लिए सकोरों में पानी भरकर रखें दरवाजे पर बाल्टी में बड़े टब में पानी भर कर रखें जिससे पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके और गर्मियों में उन्हें परेशानी का अनुभव न हो सके जल ही जीवन है जल रखने मात्र से प्रकृति के यह जीव बच जाएंगे और हमें आंतरिक अनुभूति प्राप्त होगी।

इस अवसर पर डॉक्टर वहीं के द्विवेदी विभाग अध्यक्ष भूगोल एनएसएस स्वयं सेवक कुमारी लक्ष्मी रैदास महक चौधरी आदि मौजूद रहीं।

---

*महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी से लोगों में भारी आक्रोश*

## सपा सांसद के पुतले को भैंस पर बैठाकर निकाली बारात, दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व समस्त राजपूत समाज ने सपा राज्यसभा संसद रामजी लाल सुमन की सदस्यता समाप्त कर राष्ट्र द्रोह का मामला पंजीबद्ध करने की मांग की। सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा सांसद में क्षत्रिय शिरोमणि वीर हिंदू हृदय सम्राट महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी महाराणा सांगा के विरुद्ध अश्वनी शब्दों का प्रयोग किया जिससे संपूर्ण भारतवर्ष का क्षत्रिय समाज हुआ हिंदू समाज आक्रोशित है। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन अभी भी अपनी टिप्पणी पर अधिक है और माफी मांगने को तैयार नहीं है जिससे कटनी जिले का संपूर्ण क्षत्रिय राजपूत व हिंदू समाज आक्रोशित है। जिसके चलते



कटनी जिले का क्षत्रिय राजपूत समाज ने विरोध जताते हुए सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला भैंस पर बैठालकर ढोल बाजे के साथ बारात निकली।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया कि राजनीति के चलते राजपूत समाज को टारगेट बार-बार किया जा रहा है कई फिल्म डायरेक्टर द्वारा भी क्षत्रिय समाज के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर फिल्मों में दिखाकर क्षत्रिय समाज की छवि धूमल की जाती है।

करणी सेना परिवार से जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने व्यक्त किया हम अपने महापुरुषों का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे अगर हमें छोड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं संसद तक विरोध करेंगे।

क्षत्रिय समाज द्वारा ज्ञापन देकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग की की राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को राज्यसभा सदस्य से बर्खास्त किया जावे तथा राज्यसभा सांसद के अंदर आने पर पाबंदी लगाई जावे तथा महापुरुष महाराणा सांगा व हिंदू समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर गद्दार कहीं जाने पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया जावे।

यदि उक्त संसद के विरुद्ध सदस्य भंग नहीं की जाती है और राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज नहीं किया जाता है तो क्षत्रिय समाज यह मानेगा की राज्यसभा के समस्त सदस्य रामजीलाल सुमन के वक्तव्य को समर्थन करते हैं और संपूर्ण भारत वर्ष का क्षत्रिय समाज संसद का घिराव करने को मजबूर होगा।

---

### नगर निगम में हितग्राहियों को वितरित हुए स्वीकृति पत्र

## श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 28 मार्च को सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के तहत 23,162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कटनी नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी,आयुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उपस्थित 11 श्रमिक हितग्राहियों को 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। निगम सीमांतर्गत कुल 23 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान महापौर सूरी ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को धन्यवाद प्रेषित किया, जिसके अंतर्गत गरीबों असहाय, लोगों को इस योजना के तहत आर्थिक लाभ मिल पा रहा है।

विदित हो मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों



श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

निगम अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आयी उत्तराधिकारी हितग्राही मनोरमा बड़गैयां ने बताया कि अक्टूबर 2023 में कैंसर के कारण 47 वर्ष की उम्र में उनके पति उमकान्त बड़गैयाँ की मृत्यु हो गई।उनकी 2 संतान हैं,बीमारी के इलाज के दौरान भी अत्यधिक पैसे लग चुके थे,जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक प्रभावित हुई ,किंतु मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना संबल योजनांतर्गत आज उन्हें दो लाख रुपये की राशि हेतु स्वीकृति आदेश मिला जिससे उपयोग वे अपने बच्चों की शिक्षा में कर सकेंगी।

इसी प्रकार सी.एल.पी वार्ड निवासी हितग्राही सुधा चौधरी ने बताया कि अगस्त 2024 में हार्ट अटैक के कारण 49 साल की उम्र में उनके पति की मृत्यु हो गई, पति के जाने के बाद उनकी चार संतान के पालन पोषण में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा,आज उन्हें संबल योजना के तहत 2 लाख राशि रुपये का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है,जिसका उपयोग वे बच्चों के पालन पोषण में कर सकेंगी। सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को इस महत्वपूर्ण गरीब कल्याणकारी योजना हेतु धन्यवाद प्रेषित किया है। निकाय अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,जयनारायण निषाद,डॉ रमेश सोनी,एड सुरेंद्र गुप्ता पार्षद शकुंतला सोनी,सुमित्रा रावत ,सुशीला मिश्रीलाल,प्रभा गुप्ता,निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

---

## साफ-सफाई एवं कानून व्यवस्था के सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ईद का त्योहार 31 मार्च को या चांद दिखने अनुसार मनाया जाएगा। जिला शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार मुख्य नमाज ईदगाह पर प्रातः सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके अतिरिक्त कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत अन्य मस्जिदों में प्रातरू 8 बजे से 11 बजे तक नमाज़ अदा की जायेगी। इस दौरान मस्जिदों में साफ-सफाई और शांति एवं कानून व्यवस्था का दायित्व कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया है।

कलेक्टर ने एसपी, सीईओ जिला पंचायत, सीएमएचओ आयुक्त नगर निगम, सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उक्त स्थानों में साफ सफाई, पर्याप्त पुलिस बल, प्रकाश व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य चिकित्सक की ड्यूटी लगाने, सड़कों से गड्डों को भरकर मार्ग सुधार करने, ब्लीचिंग पाउडर छिडकाव करने एवं पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखने के निर्देश दिये है।।

इसी प्रकार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र.रा.वि.मं. को निर्देश दिए है। साथ ही आयुक्त नगर निगम एवं सूबेदार यातायात कटनी को मस्जिद के मार्ग में बैठे हुए आवारा जानवरों को हटाने एवं उचित व्यवस्था हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने, कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना लाइन, प्रकाश एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था हेतु प्रातः 7.30 बजे से 11 बजे तक मिशन चौक, चांडक चौक, ईदगाह एवं कब्रिस्तान तक परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।।

## खबर संक्षेप

### किसान के बेटे राम प्रसाद कुशवाहा को पीएचडी की उपाधि से किया गया सम्मानित

**पन्ना।** जिले की अजयगढ तहसील अंतर्गत ग्राम नरदहा निवासी रामप्रसाद कुशवाहा को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है । उन्होंने अपना शोधकार्य सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण सुनील कुमार स्नेही के मार्गदर्षन में पूरा किया। इनका शोधकार्य का शीर्षक मॉलिक्युलर स्ट्डीज एंड जेनेटिक डायवर्सिटी ऑफ बेगोमोवायरस एसोसिएटेड विथ पंपकिन क्रॉप्स ऑफ भोपाल रहा है। रामप्रसाद ने ग्रामीण परिवेश में रह कर विभिन्न परिस्थियों से संघर्ष करते हुये अपनी दीक्षा पूरी की तथा अपने माता पिता गुरू जनों के सपनों को सकार किया है। उनकी उक्त उपलब्धी पर शुभ चिंतकों मित्रों रिष्तेदारों परिवार जनों ने बधाई दी है।

### कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत गुरूवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय पन्ना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुराने भवनों के संधारण और परिसंपत्तियों के संबंध में जानकारी लेकर अभिलेख को स्कैन उपरांत सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। अन्य कक्ष व शाखाओं का निरीक्षण कर अव्यवस्थित रिकार्ड व दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित कर सूचीबद्ध करने के लिए कहा। उन्होंने संपत्ति पंजी का अवलोकन कर कार्यालय परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर द्वारा जिला कलेक्टर को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा एवं संभागीय लेखा अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे।

### शैलू अग्रवाल के पिता जी का दुखद निधन

**पन्ना।** देवेन्द्रनगर निवासी शैलू अग्रवाल के पिता श्री सुरेश कुमार अग्रवाल (69 वर्षीय) का 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 29/03/2025 को देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे होगा। ईश्वर इन्हे अपने श्री चरणों में स्थान देवे। एवं स्वजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### परिषद सुधार कराने नहीं दे रही ध्यान, गर्मी में होती है जलसमस्या

# नगर में कई सार्वजनिक हैंडपंप खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर एवं ग्रामीण अंचलो में दर्जनों हैंडपंप खराब एवं क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लगभग 20 साल पहले नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को लेकर हैंडपंप के लिए नलकूप खनन कराए गए थे। ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचई विभाग व नगरीय क्षेत्र में नगर परिषद ने वार्डों में हैंडपंप लगवाए थे। कुछ सालों पहले तक लोग इन हैंडपंपों से पानी भरते थे, पर अब ये हैंडपंप खराब व क्षतिग्रस्त होने के बाद विभाग के अधिकारियों ने इन्हें अनुपयोगी मान लिया है। इनकी मरम्मत करना भी जरूरी नहीं समझ रहे हैं, जबकि जिन स्थानों पर विभाग ने हैंडपंप लगाए हैं, वहां पर्याप्त पानी मौजूद हैं, फिर भी विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर सहित ग्रामीण अंचलो मै कई हैंडपंप खराब व क्षतिग्रस्त हैं। इनकी मरम्मत नहीं जा रही हैं। वार्ड के पार्षद व सरपंच भी खराब पड़े हैंडपंपों को सुधरवाने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं।

#### नवरात्रि को लेकर महिलाएं हैं चिंतित

30 मार्च से नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो रही है नवरात्रि को लेकर नगर की महिलाएं ताजे पानी को लेकर काफी चिंतित हैं कारण है कि महिलाए सार्वजनिक जगहों पर लगे हैंडपंपो से अलसुबह 4 बजे से लोटे में जल भरकर माता रानी के दरबार में पहुंचती हैं और माता रानी को जल अर्पित करती हैं लेकिन इस बार नगर के कई हैंडपंप बिगड़े पड़े हैं इन हैंडपंपो में पानी होने के बावजूद पानी नहीं आ रहा है ऐसी स्थिति में ना तो बिगड़े हैंडपंपों को सुधरवाने के लिए परिषद ध्यान दे रही है ना ही अधिकारी कर्मचारी । नगर के वार्ड क्रमांक 8, 9,10, 11 के श्रद्धालु भक्तजन मध्यांचल बैंक के पास लगे हैंडपंप से ताजा जल भरकर मां के दरबार में पहुंचते है लेकिन इस बार यह हैंडपंप काफी दिनों से बिगड़ा पड़ा है।

#### 181 पर भी शिकायत लेकिन कोई सुनवाई नहीं

दरअसल खकरिया मार्ग पर शिव मंदिर के पास व मध्यांचल बैंक के समीप लगा हैंडपंप बीते तीन महीने से बंद पड़ा है जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है उसके साथ ही इस हैंडपंप के सामने नगर परिषद की दुकानें भी जहां लोग अपना व्यापार और अन्य कार्य करते हैं और सभी दुकानदार इस हैंडपंप पर ही निर्भर थे और यहां का पानी पीने और अन्य काम में खर्च करते थे लेकिन तीन महीने से हैंडपंप बंद रहने से सभी दुकानदार अपने घरों से पानी लाते हैं क्योंकि नगर परिषद की दुकानों में कोई नल कनेक्शन भी नहीं है जिसके कारण पानी खरीदना पड़ता है या फिर घर से लाना पड़ता है इतना ही नहीं इस बिगड़े पड़े हैंडपंप की लोगों द्वारा नगर परिषद और 181 पर शिकायत भी की गई है लेकिन कोई निराकरण नहीं किया गया ना ही सुधार कार्य जिसके कारण अब लोगों को चैत्र नवरात्रि पर्व पर इस बिगड़े हैंडपंप के सुधार की मांग की जा रही है क्योंकि इस हैंडपंप का पानी सुबह मंदिर में जल अर्पित करने होता है।

#### हैंडपंपों की ले रहा जानकारी

इस संबंध में नगर परिषद के सीएमओ प्रेमसिंह चौहान का कहना है कि मैं बिगड़े हैंडपंपों की जानकारी लेकर शनिवार को नगर के बिगड़े पड़े हैंडपंपों को सुधरवाता हूं।

## गर्मी बढ़ने से पहली पसंद बना बर्फ के गोला

**हटा।** गर्मी में ठंडकता के लिए चुस्की का स्वाद तो हर कोई लेता है लेकिन उपकारी नगर के एक ठेले पर मिलने वाली चुस्की का नगर दीवाना है। गर्मी की दस्तक के साथ लोगों में इस चुस्की के लिए तड़प उठना शुरु हो जाता है। सिर्फ गर्मी के सीजन पर मिलने वाली बर्फ के गोला की खास चुस्की शहर के लोगों पर एकतरफा राज करती है। मां विंध्यवासिनी के ठेले पर मिलने वाली चुस्की का स्वाद कुछ ऐसा है कि जब तक इसके दीवाने दिन में एक बार चुस्की को मुंह में नहीं लगाते तब तक गर्मी में चैन नहीं मिलता। चिंटू कोरी ने बताया कि वे कई वर्षों से गर्मी के सीजन में ठेले पर चुस्की का व्यवसाय करते हैं। उस समय बर्फ की कीमत प्रतिकिलो 35 पैसे थी। आज 10 रुपए किलो में बर्फ मिलती है। वे नगर में घूमकर ठेला लगाते हैं। दिनभर में 50 किलो बर्फ खप जाती है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को सिर्फ 5 रुपए में चुस्की बेचते हैं। आर्डर मिलने पर उसे 3 से 4 हजार रूपए की कमाई हो जाती है। उनकी चुस्की के दीवाने इतने हैं कि शहर के विभिन्न क्षेत्र से लोग चुस्की खाने आते हैं। चुस्की के दीवाने लखन पन्या, मुकेश साहू, महेंद्र साहू ने बताया कि निर्भय की चुस्की जायकेदार है। चाहे कितनी गर्मी हो इसकी चुस्की पीने के बाद दिल और दिमाग दोनों ठंडा हो जाता है और गर्मी कुछ पल के लिए छूमंतर हो जाती है। नींबू वाली शिकंजी पीते ही दिल खुश हो जाता है। इनके हाथों में में कुदरती का ऐसा स्वाद है जो लोगों को ठेले तक खींच लाता है। इनकी चुस्की की एक खास बात यह भी है कि पूरा माल वे घर पर हाथों से तैयार करते हैं। रेग्युलर चुस्की के अलावा ठेके पर बर्फ का गोला, घिसा बर्फ, लेमन सोडा, नींबू शिकंजी जैसे कई आइटम अलग-अलग फ्लेवर में मिलते हैं।



## फाइलों का संचालन ई-आफिस पोर्टल से करने के निर्देश

**दमोह।** शासन द्वारा जिला स्तर पर 31 मार्च 2025 तक जिले के समस्त कार्यालय में ई-आफिस प्रणाली लागू की जाकर फाइलों का संचालन ई-आफिस पोर्टल के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये है। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका, नगर परिषद अधिकारी सहित जिले के समस्त अधिकारियों से कहा है ई-आफिस प्रणाली के लागू होने से कलेक्टर (ई-गवर्नेन्स) को समग्र संबंधी प्रस्ताव यथा डीलिंक, त्रुटिवश मृत या डिलीट मार्क समग्र रिकवरी, डुप्लीकेशन, अन्य तकनीकी समस्याओं संबंधी समस्त पत्राचार पीडीएफ फार्मेट में (न्यूनतम 200 डीपीआई स्कैनिंग) कार्यालयीन ई-मेल आई degmdam @mp.gov.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। पीडीएफ प्रति ई-मेल पर उपलब्ध न कराने की स्थिति में संबंधित प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं की जायेगी।

## श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



ग्राम सर्रा में चल रही इन दिनों सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पं.ब्रजेश महराज जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर पुष्पा बहन जोशी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। गीता परिवार की तरफ से कस्बे में चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कथा व्यास पीठाधीश्वर ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। इस अवसर पर गीता परिवार जोधपुर की तरफ से आए गणमान्य लोगों का गुलाल लगाकर एवं महराज जी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। क्षेत्रवासियों द्वारा कथा आनंद लिया जा रहा है। 23 मार्च से प्रारंभ हुई कथा का 30मार्च को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा किया जाएगा।

## अनुग्रह सहायता अंतर्गत जिले के 541 हितग्राहियो को राशि का भुगतान

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम के तहत गत दिवस सिंगल क्लिक से मध्यप्रदेश के 23,162 हितग्राहियों को 505 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरण की गई है। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने बताया दमोह जिले के 541 हितग्राहियों को 11 करोड़ 80 लाख की राशि का भुगतान किया गया है तथा जिले की समस्त निकायों में उक्त कार्यक्रम लाईव प्रसारण किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत बटियागढ़ के 74 हितग्राहियों को 1 करोड़ 58 लाख की राशि, जनपद पंचायत दमोह के 112 हितग्राहियों को 2 करोड़ 36 लाख की राशि, जनपद पंचायत हटा के 33 हितग्राहियों को 74 लाख की राशि, जनपद पंचायत जबेरा के 95 हितग्राहियों को 2 करोड़ 06 लाख की राशि, जनपद पंचायत पटेरा के 48 हितग्राहियों को 1 करोड़12 लाख की राशि, जनपद पंचायत पथरिया के 69 हितग्राहियों को 1 करोड़ 52 लाख की राशि, जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा के 68 हितग्राहियों को 1 करोड़ 52 लाख की राशि, नगरपालिका दमोह के 25 हितग्राहियों को 54 लाख की राशि, नगरपालिका हटा के 05 हितग्राहियों को 12 लाख की रशि नगर परिषद पटेरा के 02 हितग्राहियों को 4 लाख की राशि, नगर परिषद हिण्डोरिया के 03 हितग्राहियों को 6 लाख की राशि, नगर परिषद पथरिया के 05 हितग्राहियों को 10 लाख की राशि एवं नगर परिषद तेन्दूखेड़ा के 02 हितग्राहियों को 4 लाख की राशि प्रदान की गई है।

## विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक में सौंपे गये दायित्व

**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक में जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा द्वारा बैठक पद्धति से प्रारंभ हुई प्रांत योजनानुसार बताए गए आगामी होने वाले कार्यक्रम जैसे हिंदू नववर्ष ,रामनवमी,सीतानवमी, हनुमान जन्मोत्सव,और स्थाई सेवा केंद्र खोलना एक मिलन केंद्र सभी प्रखंड में चालू करना है ऐसी सभी से अपेक्षा है बताया गया।



बैठक में मंच पर उपस्थित रहे। विभाग मंत्री नरेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष अजय खत्री,जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गिरजा त्रिपाठी,प्रांत छात्रा सह प्रमुख प्रीति वर्मन, प्रांत सेवा टोली सदस्य सानू हजारी जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा की उपस्थित रही । जिला अध्यक्ष द्वारा हिंदू नववर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी और संगठन द्वारा हिंदू नववर्ष पर तिलक बंधन का कार्यक्रम किया जाएगा। विभाग मंत्री ने संगठन विस्तार हेतु सभी को प्रोत्साहित किया गया और परिषद वर्ग, बजरंगदल वर्ग, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी वर्गो की जानकारी दी। जिला संयोजक गोलू चौबे ने बताया सेवा सुरक्षा संस्कार इन सभी को ध्यान में रखते हुए हम सभी को कार्य करना है बैठक के बाद संगठन विस्तार हेतु कुछ नवीन दायित्व की घोषणा जिला मंत्री द्वारा की गई जिसमें दुर्गावाहिनी में जिला संयोजिका बहिन मोनिका पटेल, सह रिया पूरानिया, नगर संयोजिका भारती पटेल, सह.अंशु यादव, को बनाया गया बजरंगदल जिला टोली में गौ रक्षा प्रमुख श्रवण पाठक, सुरक्षा प्रमुख दीपक पटेल, सह आदित्य सेंगर, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख नितिन रैकवार,अभिषेक जैन विद्यालय प्रमुख अभय रजक, दमोह नगर में नगर सह संयोजक लकी चौरसिया ,रोहित राय, गौ रक्षा प्रमुख रोहित शिवहरे,आशुतोष असाटी, बल उपासना प्रमुख निखिल ठाकुर, राज रैकवार नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, मिलन प्रमुख बाबू शर्मा, सह दीपक सेन को बनाया गया।

# बड़ी खेरमाई मंदिर में कल से देवी भागवत महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में स्थित प्रसिद्ध बड़ी खेरमाई मंदिर में कल, 29 मार्च 2025 से एक भव्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत होने जा रही है। इस अवसर पर भब्भ कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति का केंद्र बनेगा। यह आयोजन न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष महत्व रखता है।

#### भव्य कलश यात्रा से होगी शुरुआत

आयोजन की शुरुआत 29 मार्च को दोपहर 2 बजे मंदिर परिसर से निकलने वाली भब्भ कलश यात्रा के साथ होगी। इस शोभायात्रा में सैकड़ों सुहागिन महिलाएं और कन्याएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल होंगी। बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति भजनों के साथ यह यात्रा मंदिर से शुरू होकर नगर के क्षेत्रों में परिक्रमा करेगी। यात्रा के दौरान भक्त मां खेरमाई के जयकारों के साथ अपनी आस्था का प्रदर्शन करेंगे। यह शोभायात्रा मंदिर के पुजारियों और आयोजन समिति के नेतृत्व में संपन्न होगी।

#### देवी भागवत महापुराण कथा का महत्व

कलश यात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। यह कथा 29 मार्च से शुरू होकर अगले ९ दिनों तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन दोपहर बजे से शाम ६ बजे तक कथा वाचन होगा। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री रामनयन जी महाराज वृंदावन इस आयोजन में कथा का वर्णन करेंगे। उनके अनुसार, "देवी भागवत महापुराण 18 पुराणों में से एक श्रेष्ठ ग्रंथ है, जो मां भगवती की महिमा और भक्ति का गुणगान करता है। इस कथा के श्रवण से भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।"

#### आयोजन की तैयारियां जोरों पर

मंदिर समिति और ने इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी झंडियों से सजाया गया है। कथा स्थल पर विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, भक्तों की सुविधा के लिए पीने के पानी, शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री राजू नामदेव सदस्य राजेश शर्मा,चंद्रशेखर हजारी,संतोष सिंह ठाकुर,गोपाल सिंह ठाकुर,कमलेश शर्मा,जितेंद्र नामदेव,सुदामा साहू,सुरेश जैन मंदिर सेवा समिति ने बताया, "हमारा लक्ष्य है कि यह आयोजन भव्य और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। इसके लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात की गई है।"

भक्तों में उत्साह का माहौल

बड़ी खेरमाई मंदिर में होने वाले इस आयोजन को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय महेश उपाध्याय ने कहा, हम इस कथा का इंतजार लंबे समय से करते आरहे हैं। यह हमारे लिए मां की कृपा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है।" वहीं, दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक भक्त संतोष पांडे ने बताया, यह हमारे लिए आध्यात्मिक अनुभव है।"

#### समापन पर होगा विशाल भंडारा

नव दिनों तक चलने वाली इस कथा का समापन राम नवमी को होगा। समापन के दिन मां खेरमाई की विशेष पूजा-अर्चना और हवन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस भक्ति उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

#### मंदिर का ऐतिहासिक महत्व

बड़ी खेरमाई मंदिर दमोह जिले के तेंदूखेड़ा का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो मां खेरमाई के चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हर साल यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, और यह आयोजन मंदिर की महत्ता को और बढ़ाता है।

यह धार्मिक आयोजन न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करता है। सभी भक्तों से अनुरोध है कि वे समय पर पहुंचकर इस पवित्र अवसर का लाभ उठाएं।

## जमा मस्जिद में मनाया शब-ऐ-कद्र



**तेंदूखेड़ा।** मुसलमानों के लिए रमजान का महीना बहुत ही पवित्र माना जाता है। रहमतों बरकतों का महीना है रमजान। 11 महीनो की इबादत एक तरफ रमजान की इबादत एक तरफ लेकिन रमजान के महीने में एक दिन ऐसा अभी है जो सबसे अफजल है। वह है श्ब-ए-क़द्र की रात जिसमें लोग अपने रब को मनाने के लिए रात में जाग कर नमाज पढ़ते हैं और अपने गुनाहों की माफी अपने रब से मांगते हैं इसमें ऐसी मान्यता है कि जिसे शबे कद्र की रात मिली और वह रात में जाग कर नमाज़े पड़ी और गुनाहों की माफी मांगी तो उसके 70 -80 साल के गुनाह रब माफ कर देगा। तेंदूखेड़ा की जामा मस्जिद में रमजान के महीने में चांद दिखते ही तराबीह की 20 रकात नमाज़ हाफिज खालिद रज़ा साहब के द्वारा पढ़ाई गई ओर 27 दिनों में पूरा क़ुरआन सुनाया गया। इसी सिलसिले में मीलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा गया जिसमे सभी ने नात-ऐ-पाक में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हाफिज ख़ालिद रज़ा ने अपनी तक़रीर में शब-ऐ-क़द्र की फ़ज़ीलत बया की ओर आखिर में सलातो सलाम के बाद लोग अपने रब को मनाने ने रात भर इबादत करते रहे ओर नमाज़े पड़ते रहे। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी तेंदूखेड़ा के अध्यक्ष सदर अब्दुल समी साहब उप सदर डॉक्टर अजीज खान खलील खान शेख जाहिद सोनू खान हैदर हुसैन जाफरी सलीम खान शाहिद हुसैन राइस बाबा अब्दुल कलाम मोनू इमरान खान सलीम बेग लकी शेख गुलाब शेख मुन्ना शेख अखबार शाकिर अली डॉक्टर इकबाल खान तबरेज अली और बहुत सारे मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# माता रानी की अगवानी करने को आतुर श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

चैत्र नवरात्र कल से शुरू हो रहा है। माता के आगमन को देखते हुए घरों में तैयारी शुरू हो चुकी है। महिलायें साफ-सफाई करने के साथ ही पूजा सामग्री की व्यवस्था करने में जुटी हुई हैं। जिसके कारण पूजा सामग्री व मिट्टी के बर्तन की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। लोग कलश के साथ मिट्टी के दीपक, ढ़कना व हवन पात्र खरीदकर घर ले जा रहे हैं। वहीं पूजा दुकानों से पूजा की सामग्री के अलावा अन्य जरूरी सामान की खरीदा जा रहा है। दुकानदारों की मानें तो चैत्र नवरात्र पर भी दुर्गाजी की अराधना विधि विधान से की जाती है। श्रद्धालु इस नवरात्र का व्रत पूरी आस्था के साथ करते हैं। कलश स्थापना के बाद पाठ भी इस नवरात्र में होता है इसलिए माता को चढ़ाने के लिए तरह-तरही चुनरी के अलावा अन्य पूजा सामग्री की व्यवस्था कर ली गई है ताकि व्रतधारियों को नवरात्र से संबंधित पूजा सामग्री खरीदने के लिए कई दुकानों पर न जाना पड़े।



पूनम दुबे कहती हैं कि मैं शारदेय नवरात्र की तरह चैत्र में भी माता दुर्गा की अराधना करती हूँ। चैत्र नवरात्र कल से शुरू होने जा रहा है, इसलिए तैयारी करना भी जरूरी है पूजा सामग्री बाजार से खरीद कर लाया जा चुका है। कल से पूजा-पाठ शुरू कर दिया जायेगा। फूल आदि की भी व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी सौंपी जा चुकी है।

-पूनम दुबे तेन्दूखेड़ा



रिचा सोनी कहती हैं कि माता जी की सेवा में हमेशा रहती हूँ। कल से तो उनका ही दिन शुरू होने जा रहा है। उनके स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। घर की साफ-सफाई की जा चुकी है। पूजा घर को विशेष रूप से सजा दिया गया है। वहीं बाजार से पूजा सामग्री खरीदकर लाई जा चुकी है। फूल व फल भी बाजार से प्रतिदिन लाने की जिम्मेदारी भी सौंपी जा चुकी है।

-रिचा सोनी तेन्दूखेड़ा



जानवी रजक कहती हैं कि नवरात्र में मां की अराधना करके उनसे यही प्रार्थना करेंगे की वे हमारे परिवार को खुशहाल रखे और हर कष्ट से बचाए मां के आगमन के लिए सारी तैयारी कर रहे उनके स्वागत के लिए घर को और पूजा कक्ष के अच्छे से सजा रहे हैं।

-जानवी रजक तेन्दूखेड़ा



माया मिश्रा कहती हैं कि मां के स्वागत में घर की साफ-सफाई की जा रही है बैठकी के दिन घर को रंगोली भी सजाएंगे ताकि मां की हम पर कृपा हो मां के लिए नौ दिन के अलग-अलग पकवानों की लिस्ट और उसकी तैयारी कर रहे हैं ताकि त्योहार में किसी प्रकार की बाधा न आए।

-माया मिश्रा तेन्दूखेड़ा



ज्योति साहू कहती हैं कि शारदेय नवरात्र की तरह चैत्र नवरात्र में धूमधाम नहीं होता है लेकिन ज्यादातर लोग चैत्र नवरात्र भी शारदेय नवरात्र की तरह कलश स्थापना कर साधना करते हैं। मैं मां दुर्गा की भक्त हूँ इसलिए पूजा अर्चना श्रद्धा के साथ करती हूँ। कल से नवरात्र शुरू हो रही है इसलिए इसकी तैयारी की जा रही है। मिट्टी के बर्तन खरीद कर आ चुके हैं। माता की चुनरी व पूजा सामग्री कल लाई जायेगी

ज्योति साहू तेन्दूखेड़ा

मनीषा पटेल कहती हैं कि चैत्र नवरात्र का शुभारंभ कल हो जायेगा मैं दोनो नवरात्र में पूरे विधि-विधान से माता की पूजा आरती दोनो समय करती हूं। माता जी को दोनो टाइम मिठाई व फल से भोग लगाती हूँ। हर साल की तरह इस बार भी माता का स्वागत किया जाना है इसलिए तैयारी की जा रही है। फल-फूल के अलावा पूजा सामग्री जुटाई जा रही है। जो छूट जायेगी उसे उस दिन भी मंगाया जायेगा। - **मनीषा पटेल तेन्दूखेड़ा**

## अमानगंज थाना पुलिस को नगर निरीक्षक के रूप में मिली पहली महिला थाना प्रभारी

**पन्ना।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अभी हाल में ही बीती रात स्थानांतरण आदेश जिला स्तर किया है उसमें कई थाना प्रभारी अलग-अलग थानों से स्थानांतरित हुए हैं उनमें पन्ना रक्षित केंद्र से माधवी अग्निहोत्री अमानगंज पुलिस थाने को पहली महिला थाना प्रभारी के रूप में आज दिनांक 28 मार्च को पदस्थ हुई है, ज्ञात हो कि इसके पहले अपने छतरपुर जिले के कई थानों में अपनी मजबूती से सेवा दी हैं और पुलिस सेवा में वर्ष 2015 से आपकी तैनाती बताई गई है। आज आपकी पदस्थापन होने के उपरांत स्थानीय पुलिस स्टाफ से थाना क्षेत्र की सारी व्यवस्थाओं पर जानकारी संलग्न करने के साथ ही थाना क्षेत्र को मजबूती से चलाई जाने की बात कही है। आपने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा आदि सभी असामाजिक गतिविधियों पर पूर्णत रोक रहेगी। जब तक मैं पुलिस थाना अमानगंज में रहूंगी कानून व्यवस्था का हम मजबूती से पालन करेंगे। देर शाम आपने स्थानीय मीडिया से भी चर्चा कर अपना सहयोग लेने- देने की बात कही ।

## खबर संक्षेप

### प्रोजेक्ट कोड की शुरुआत

**दमोह।** जिले के जरूरतमंद एवं जनसामान्य के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दमोह द्वारा 01 अप्रैल 2025 से ₹प्रोजेक्ट CODE₹ के अंतर्गत निःशुल्क कम्प्यूटर बेसिक कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। इस कोर्स का उद्देश्य लोगों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ना और उन्हें कंप्यूटर के बुनियादी ज्ञान से सशक्त बनाना है, ताकि वे शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। जिससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। अधिक जानकारी के लिए संस्था के रविकान्त राय मो. नं. पर संपर्क किया जा सकता है।

### आज मनाया जायेगा मोक्ष कल्याणक

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक ,18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 29 मार्च शनिवार को विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा । इस अवसर पर अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर प.पू. आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### वैष्णवी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**झलौन।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित 5 वीं 8 वीं परीक्षा का आयोजन हुआ जिसका आज परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।



जिसमें विकासखंड अंतर्गत ग्राम झलौन में संचालित आरुष किड्स एकेडमी में 8 वीं कक्षा में 21 परीक्षार्थियों में सभी उत्तीर्ण रहे। स्कूल में वैष्णवी ठाकुर पिता सुरेन्द्र प्रताप सिंह 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौर्य प्रताप सिंह पिता सुरेन्द्र प्रताप सिंह 86.16 द्वितीय एवं शुभम साहू पिता प्रदीप साहू 86.16 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शिक्षकों एवं परिजनों ने बधाई प्रेषित की।

### दमोह-बटियागढ़ रोड पर हुई वाहनों की चैकिंग

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गये निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में दमोह-बटियागढ़ रोड पर परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की चैंकिग की गई। जिला परिवहन अधिकारी श्री सोनी ने बताया इस दौरान 73500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। इसमें बस में किराया सूची न होना, बीमा, पीयूसी, ओवरलोड आदि पर कार्रवाही की गई।

### त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवान्कुर योजना से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट कार्यालय, दमोह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभाग समन्वयक श्री दिनेश उमरिया ने की। बैठक में संस्थाओं की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक संस्था अपने क्षेत्र में एक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने के लिए चिन्हित करेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्य करेगी।

---

धार्मिक पर्वों पर बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने शांति समिति की बैठक संपन्न

# जिला व तहसील स्तर पर आपात परिस्थितियों से निपटने आपदा प्रबंधन दल रहेगा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, निषादराज जयंती, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती पर्व मनाए जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दमोह सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दमोह श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी, शांति समिति के सम्मानीय सदस्यगण एवं अधिकारीगण उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आगामी पर्व 30 मार्च से 07 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि, 30 मार्च को गुड़ी पड़वा एवं झूलेलाल जयंती( चैती चांद), 31 मार्च को ईद उल-फितर, रमजान समाप्ति, 2 अप्रैल को निषादराज जयंती, 6 अप्रैल को राम नवमी, 7 अप्रैल को जवारे विसर्जन, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, बैसाखी, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे एवं 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया (परशुराम जयंती) मनाई जायेगी। उन्होंने सामान्य जनमानस को समिति के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। सभी देवी मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों, चर्चों, शोभायात्राओं, जुलूसों एवं धार्मिक आयोजनों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाए। थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए। डीजे,



लाउडस्पीकर एवं ध्वनि प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाए। नगर पालिका/ग्राम पंचायत एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाये। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन दल को सक्रिय रखा जाए। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करें एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी जाये। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने धार्मिक पर्वो में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिये नवरात्रि पर्व के दौरान एक-एक एंबुलेंस बड़ी देवी मंदिर, छोटी देवी मंदिर, कंकाली माता मंदिर एवं जिले के अन्य समस्त देवी मंदिरों में रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा एंबुलेंस में डॉक्टर एवं कर्मचारियों की टीम मय उपकरण सहित सुसज्जित रखी जाए। प्रत्येक प्रमुख देवी मंदिर परिसर में मिनी क्लिनिक स्थापित किए जाएँ और आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लू, डिहाइड्रेशन एवं गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु मिनी क्लिनिक में ओआरएस, ग्लूकोज एवं आवश्यक दवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाए। विक्रय होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करे कि ब्लड बैंकों में सभी रक्त समूहों का पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध हो। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग इन सभी व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये । नवरात्र के नौ दिनों के दौरान, सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं और बच्चियां मंदिरों में जाती हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से शक्ति मोबाइल की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता होने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी जाये। सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन के निर्देशों के तहत डी.जे. का साउंड केवल निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही उपयोग किया जाए। डी.जे./लाउडस्पीकर के संबंध में कोलाहल अधिनियम 1985 का कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। पटाखों का उपयोग बिजली के तारों के नीचे न किया जाए तथा ऐसे पटाखों का ही उपयोग किया जाए जो बिजली के तारों तक न पहुंचें।

झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम प्रातः 9 बजे एक बाइक रैली आयोजित की जाएगी तथा अपराह्न 4 बजे सिंधी कैंप से पुरैना तालाब तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ईद-उल-फितर के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के संबंध में अवगत कराया गया कि प्रातः 8 बजे ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह में लगभग 8000 लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। इसके उपरांत सिंगपुर एवं पुरैना तालाब स्थित कब्रिस्तानों में भी बड़ी संख्या में लोग जाएंगे। निषाद राज जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप ग्राउण्ड परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही, महाराणा प्रताप स्कूल से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो वापिस उसी स्थान पर आकर संपन्न होगी। रामनवमी के अवसर पर 5 अप्रैल को एक वाहन संदेश रैली का आयोजन किया जाएगा, जो शाम को मोरगंज से प्रारंभ होकर घंटाघर, पुराना थाना, शैण्डेय तिराहा, गढ़ी मोहल्ला, बड़ापुरा, धरमपुरा से समन्ना हनुमान मंदिर तक जाएगी और वहां से पुनः धरमपुरा, बड़ापुरा, पठानी मोहल्ला, गौरीशंकर तिराहा, महाकाली चौराहा, बडापुल, मल्लपुरा, घगट चौराहा, पलंदी चौराहा से बूंदाबहू मंदिर वापस आएगी। इसी प्रकार 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन, बूंदाबहू मंदिर, जेल, मंदिर एवं राम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जो मोरगंज से प्रारंभ होकर राय चौराहा, घंटाघर, टॉकीज तिराहा, पुराना थाना, सिटीनल, महाकाली चौराहा, बड़ापुल, बर्तन बाजार होते हुए बूंदाबहू मंदिर में संपन्न होगी। समिति सदस्यों द्वारा जवारे विसर्जन के संबंध में जानकारी दी गई कि शाम 4 बजे से फुटेरा तालाब और दीवानजी तलैया में जवारे का विसर्जन किया जाएगा । महावीर जयंती के अवसर पर प्रातः 8 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हनुमान जयंती के अवसर पर संध्या 5 बजे गौरीशंकर मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होगी। अंबेडकर जयंती के अवसर पर वार्डों से जुलूस निकाले जाएंगे एवं अंबेडकर चौक पर भीड़ होती है । गुड फ्राइडे के संबंध में अवगत कराया गया तथा चर्चों के आसपास एवं क्रिश्चियन बहुल क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं जहां हादसों में लोगों की मौत हो रही है तो दर्जनों लोग घायल भी हो रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इस और कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिससे इन हादसों को रोका जा सके। शुक्रवार भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धनेटा झलौन मार्ग पर एक बाइक सवार को अज्ञात टक्कर मारकर मौके से भाग निकला है। बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलने के 2 घंटे बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे जहां दोपहर 12 बजे हुए हादसे में पांच बजे युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए तेन्दूखेड़ा लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार सुम्मेर सींग पिता गंगाधर गौड़ उम्र 50 वर्ष निवासी फुलर थाना तारादेही का जो रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए बांदकपुर के पास किसी गांव गया था जहां से वापस आते समय धनेटा और हरदुआ चौराहा के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके से भाग निकला जहां हादसे में घायल बाइक सवार घटनास्थल पर ही घायल अवस्था में पड़ा रहा है। जहां कुछ ही घंटों में बाइक सवार की समय पर इलाज नहीं मिलने से मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा वाहन 108 और डायल 100 को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली में रखवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां शाम साढ़े बजे पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द किया। मामला जांच में लिया पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है आपको बता दें गुरुवार को भी तारादेही मार्ग पर बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला था। जहां दोनों बाइक सवारों को गंभीर हालत में तेन्दूखेड़ा से जबलपुर रेफर किया गया था।

## आग लगने से फसल जलकर खाक



**दमोह।** जिले के रनेह थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती में खेत में आग लगने से फसल व हार्वेस्टर के आगे दो चक्के जल गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिनौती के भरत सिंह लोधी की खड़ी गेहूं फसल में हार्वेस्टर से कटाई की जा रही थी, जहां हार्वेस्टर बिजली के तारों से टकराने पर हार्वेस्टर के दो आगे चक्के और फसल में आग लग जाने से दोनों आगे के टायर और हार्वेस्टर के साथ फसल जलकर खाक हो गई, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर रनेह पुलिस ने पहुंचकर सर्वप्रथम हार्वेस्टर चालक को अभिरक्षा में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खुले मैदान में फेंका जा रहा बायोमेडिकल वेस्ट



**बनवार।** दमोह जिले के बनवार में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां परस्वाहा की टेक पर निजी क्लीनिक संचालक खुले मैदान में बायोमेडिकल वेस्ट फेंक रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम भरा है। बायोमेडिकल कचरा हानिकारक अपशिष्ट पदार्थ और गैस छोड़ता है, जिससे इंसानों को गंभीर बीमारियां और संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने कहा है कि इसकी जांच कर नोटिस जारी किए जाएंगे। बता दें यह मामला न केवल स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

## कलेक्टर - एसपी ने लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने संयुक्त रूप से आज दोपहर आगामी त्यौहारों की तैयारियों का जायजा लेने बडी देवी मंदिर, हरसिद्धि माता एवं ईदगाह सहित अन्य स्थालों पर पहुँचे। उन्होंने यहां पर व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया और पुलिस-राजस्वन एवं नगर पालिका अधिकारी को समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आर एल बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी सहित नगर पालिका और अन्यक सबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 26 पेटी अवैध शराब जप्त

**दमोह।** थाना हिण्डोरिया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 पेटी अवैध शराब जप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा एसडीओपी पथरिया रघुकेशरी के मार्गदर्शन में की गई। दिनांक 28 मार्च 2025 की रात्रि में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर एवं उनकी टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी के खेत से 26 पेटी अवैध शराब जप्त की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर के साथ सउनि. जागेश्वर प्रसाद साहू, आरक्षक 609 प्रशांत दुबे, आरक्षक 833 महेन्द्र एवं आरक्षक 834 वीरसिंह की विशेष भूमिका रही।

कपड़े सहित बाइक जलकर खाक

## सिलाई दुकान में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मडियादो थाना क्षेत्र के काईखेडा मे बीती रात सिलाई दुकान मे अचानक आग से कपड़े और सिलाई मशीन जलकर खाक हो गयी। साथ ही दुकान में रखी मोटर साईकिल भी जल गई । आग करीब 1 बजे रात की बतायी जा रही है, जिसकी सुचना मडियादो थाने में दी गई। आग लगने से करीब ढेड से दो लाख का नुकसान बताया जा रहा है। अविनाश पिता ओंकार नामदेव किराये के मकान मे सिलाई का काम करता थे। जिसकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर थी, दुकान से सिलाई का काम करके माता पिता और परिवार चलाता था, लेकिन आग दुकान में आग लगने से सभी सामान जल गया, जिससे काफी निराश है,और दुखी है, शासन से मदद की गुहार लगाई है, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है जिसकी सूचना मडियादो थाने में दी गई हैं पुलिस जांच कर रही है।

## शतायु पार कर बारात की तर्ज पर बैंड बाजे के साथ निकाली अंतिम यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपनी ममता की छाया और अथक परिश्रम से ग्रहणी का फर्ज अदा कर ग्राम रनेह के प्रतिष्ठित नायक परिवार की वटवृक्ष स्व. सियारानी पति स्व. गौरीशंकर नायक का शतायु की उम्र पार कर दुखद निधन हो गया। स्व. सियारानी नायक अधिमान्य पत्रकार और 12 वर्ष से लगातार साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक, रामेश्वर नायक, हरिराम नायक, सुरेश नायक, महेंद्र नायक की पूज्यनीय माता थी। जो अपने पीछे नाती, पंती, संतीयो से भरे पूरे परिवार को स्नेह आशीर्वाद से शुशोभित कर मोक्ष मार्ग पर अग्रसर हुई। इस दुःखद समय में ग्राम वासियों ने उनके निज निवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं ईश्वर से पुण्य आत्मा को श्री चरणों मे स्थान देने की कामना की। स्व. श्रीमती सियारानी का अंतिम सफर उनके निज निवास से बैंड बाजो और श्री राम धुन के साथ प्रारंभ हुआ, जिसने भी बारात की तर्ज पर छाताओ एवं फूलों से सजी अर्थी और श्री राम धुन और बैंड बाजो के साथ अंतिम यात्रा को देखा वह भी भाव विभोर होकर नमन करने से स्वयं को नहीं रोक पाया। बारात की तरह निकली उनकी अंतिम यात्रा मे ग्राम वासी एवं क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या मे शामिल हुए। परिवार जनो ने बताया कि उनसे मिले संस्कार आशीर्वाद का प्रतिफल हम सभी को प्राप्त हुआ है। हमारी इक्षा थी कि जिस तरह वह इस परिवार को सिंचित करने धूम धाम से आई थी, उसी तरह उन्हें भव्यता के साथ अंतिम विदाई दी जाये। ग्राम वासियो ने बताया कि अम्मा जी का स्नेह सबको मिलता था और वह सभी को नेक राह पर चलने की बात कहती थी और धर्म-कर्म से उनका गहरा जुड़ाव था। ग्राम रनेह के मुक्तिधाम मे उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ परिवार जनो ने उन्हें मुखगनी दी। इसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रीमती प्रभा गौतम का निधन



**दमोह।** पत्रकार सुनील गौतम शरद, राजेश जगदीश गौतम की माँ एवं अभिषेक अनुराग आशुतोष गौतम की दादी श्री मती प्रभा गौतम 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुरेका कालोनी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहाँ समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# तापमान बढ़ने से लू लगने की संभावना: स्वास्थ्य विभाग ने सावधानी बरतने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में माह मई 2025 तक का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है, इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है, लू (तापघात) के प्रभाव, लक्षण एवं प्राथमिक उपचार के मद्देनजर कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवायजरी का पालन करने का आग्रह किया है।

### लू से प्रभावित व्यक्ति के उपचार के लिए टिप्स

जारी एडवायजरी अनुसार लू (तापमान) को कम करने के लिए पीड़ति के सिर पर गीले कपडे.का उपयोग करें, पानी डालें। व्यक्ति को ओ.आर.एस.,नीबू-शरबत/तोरानी अथवा जो कुछ भी शरीर को पुनः सक्रिय करने के लिए उपयोगी हो, पीने के लिए दें। यदि लगातार उच्च तापमान बना रहता है और सिरदर्द, चक्कर आना, कमजोरी, मतली या भटकाव आदि के लक्षण स्पष्ट महसूस हो तो ऐसी स्थिति व्यक्तियों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिये।

### नियोक्ता और श्रमिक के लिए

जारी एडवाइजरी में कहा गया है कार्य स्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध रखें, सभी श्रमिकों के लिए आराम के लिए छाया, साफ पानी, छाछ, आइस पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओ.आर.एस. का प्रबंध रखें, श्रमिकों को सीधी धूप से बचने के लिए कहें, श्रमसाध्य कार्यो को दिन के कम ताप वाले समय में ही करें, बाहरी गतिविधियों के दौरान विश्राम करने की आवृत्ति और समय सीमा बढ़ायें, गर्भवती महिलाओं और चिकित्सीय समस्या वाले कामगारों पर अतिरिक्त ध्यान दें, श्रमिकों को लू से संबंधित चेतावनी के बारे में सूचित करें, जिन श्रमिकों के लिए गर्मी वाले क्षेत्र नए हो, उन्हें हल्का काम और कम घंटो का काम देना चाहिये।

### मवेशी के लिए

जारी एडवाइजरी में कहा गया है पशुओं को छाया में रखा जाना चाहिये और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त, स्वच्छ और ठंडा पानी देना चाहिये, उनसे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच काम नहीं लेना चाहिये, शेड की छत को पुआल से ढक दें, तापमान कम करने के लिए इसे सफेद रंग / चूने से रंग दे या गोबर से लीप दें, शेड में पंखे और वाटर स्प्रे का प्रयोग किया जाये, अत्यधिक गर्मी के दौरान, पानी का छिडकाव करें और मवेशियों को ठंडा करने के लिए एक जल निकाय पर ले जाएं, उन्हें हरी घास, प्रोटीन, वसा, बाईपास पूरक, खनिज मिश्रण और नमक दें, कम गर्मी वाले घंटों के दौरान उन्हें चरने देना चाहिये।

### क्या करें

गर्मी के दिनो में रेडियो सुने, टीवी देखें, स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए समाचार पत्र पढ़ें या संबंधित मोबाइल ऐप डाउनलोड करें, पर्याप्त पानी पियें भले ही प्यास न लगे। मिर्गी या हृदय, गुर्दे या यकृत रोग से पीड़ित व्यक्ति जो तरल प्रतिबंधित आहार पर है या जिनको द्रवं प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओ.आर.एस. (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर के बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू का पानी, छाछ आदि को सेवन करें। हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें, यदि कहीं बाहर हैं, तो अपना सिर ढकें, कपडे, टोपी या छतरी का उपयोग करें। आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग करें और त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन लगाएँ। प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण लें, बुजुर्ग, बच्चे, बीमार या अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखा जाये, क्योंकि उनके अत्यधिक गर्मी से अस्वस्थ होने की संभावना ज्यादा रहती है।

### क्या न करें

जारी एडवाइजरी में कहा गया है धूप में बाहर जाने से बचना चाहिये, खासकर दोपहर 12 और 3 बजे के बीच, यदि दोपहर में बाहर हो, तो भारी कामों से बचना चाहिये, नंगे पांव बाहर न जाएं, दिन के सबसे गर्म समय के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले हिस्से को हवादार बनाए रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखनी चाहिये। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचना चाहिये। यह शरीर को निर्जलित करते हैं । अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचें, बासा भोजन न करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें, वे गर्म हवा से प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे बल्बों का उपयोग करने से बचें जो अनावश्यक गर्मी उत्पन्न करते हैं, ठीक वैसे हीं जैसे कि लगातार चलते हुए कंप्यूटर या बिजली के उपकरण।